# छलावा साबित हुआ पुस्तक मेला, फिर शुरू हुई लूट

## मेले में दिखावे के लिए बेची गईं पाठ्य पुस्तक निगम-एनसीईआरटी की पुस्तकें, अब लेना पड़ रहा निजी पुस्तकें

**नवभारत न्यूज**

**सतना 6 मई. निजी शिक्षण संस्थानों, निजी प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं के गठजोड़ के चलते अभिभावकों के साथ होने वाली लूट से बचाने के उद्देश्य से शहर में 3 दिवसीय पुस्तक मेला आयोजित किया गया था. मामले का सराहनीय पहलू यह भी रहा कि मेले में केवल पाठ्य पुस्तक निगम/एनसीईआरटी की पुस्तकें ही बेची गईं. लेकिन कुछ दिनों बाद ही वही पुरानी व्यवस्था लौट आई और पिछले दरवाजे से निजी प्रकाशकों की मंहगी पुस्तकें बेचे जाने का खेल शुरु हो गया.**



नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के आरंभ के साथ ही शासकीय व्यंकट क्र. 2 उमा विद्यालय परिसर में 3 दिवसीय पुस्तक मेला लगाया गया था. 13, 14 और 15 अप्रैल तक आयोजित इस पुस्तक मेले को कितनी सफलता मिली यह भले ही विमर्श का विषय हो सकता है. लेकिन सराहनीय पहलू यह सामने आया कि पुस्तक मेले में सम्मिलित होने वाले विक्रेताओं द्वारा उस दौरान अभिभावकों को केवल पाठ्य पुस्तक निगम/एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें ही बेची गईं. हलांकि बदले परिदृश्य को देखते हुए कुछ अभिवकों को शंका हुई. लिहाजा उन्होंने पुस्तक विक्रेताओं से बार-बार यह पूछ कर सुनिश्चत करने का प्रयास किया कि क्या इस बार किसी निजी प्रकाशक की पुस्तकें नहीं खरीदनी पड़ेंगी. जिस पुस्तक विक्रेताओं ने आश्वस्त किया कि और किसी तरह की किताबे उपलब्ध ही नहीं हैं. लेकिन इसके बावजूद भी कुछ अभिभावकों की जिग्यासा कम नहीं हुई. लिहाजा उन्होंने उन पुस्तक विक्रेताओं से जानकारी ली, जिनकी दुकानों से वे अब तक पुस्तक खरीदने को बाध्य रहे थे. उस दौरान उन पुस्तक विक्रेताओं ने भी यही बताया कि केवल पाठ्य पुस्तक निगम/एनसीईआरटी की पुस्तकें ही उपलब्ध हैं. वहीं कुछ दिनों बाद ही भीषण गर्मी का दौर शुरु हो गया. जिसके चलते प्रशासन द्वारा शिक्षण कार्य स्थगित किए जाने का निर्णय लिया जाने लगा. लेकिन जैसे ही ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरु होने के हुए वैसे ही अधिकांश निजी विद्यालयों का प्रबंधन सक्रिय हो गया. आनन-फानन में अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की पुस्तकों की लंबी चौड़ी सूची थमा दी गई. नतीजतन अभिभावकों को एक बार फिर विद्यालयों से अघोषित तौर पर संबद्ध उन्हीं दुकानों का रुख करना पड़ा जहां पर उन्हें पिछले कई वर्षों से लूटा जा रहा था. अभिभावकों के अनुसार जितने रुपयों में उन्होंने पुस्तक मेले से पाठ्य पुस्तक निगम/एनसीईआरटी की पुस्तकें खरीदी थीं, उससे दस गुना से अधिक कीमत उन्हें निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने में चुकानी पड़ी.

### कक्षा -1 से 12वीं तक यही हाल

पुस्तक मेले में जहां पाठ्य पुस्तक निगम/एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान जैसी आधारभूत विषयों की पुस्तकें ही बेची गईं. वहीं दूसरी ओर निजी विद्यालयों द्वारा कंप्यूटर, मॉरल साइंस, इनवायरमेंट और जनरल नॉलेज सहित दर्जन भर से अधिक पुस्तकें की सूची अभिभावकों को थम दी गई. जिनकी औसत कीमत कम से कम 300 रु प्रति पुस्तक बताई गई. एक ओर जहां छोटी कक्षाओं के लिए तमाम निजी प्रकाशकों की पुस्तकें बेची जाने लगी हैं. वहीं दूसरी ओर कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के लिए सभी विषयों के लिए कम से कम 2 सहायक पुस्तकों को खरीदने का फरमान जारी हो गया. जिनकी औसत कीमत 400-500 रु आंकी गई. नतीजतन यदि किसी अभिभावक ने मेले से 500 रु की पुस्तकें खरीदी होंगी, तो अब उन्हें उससे 10 गुना से अधिक कीमत की निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने को बाध्य होना पड़ रहा है.

### इनका कहना है

सभी विद्यालयों को पुस्तकों से संबंधित सूचना को पोर्टल में अपलोड करना होता है. जिसे अभिभावक द्वारा स्वयं भी देखा जा सकता है. यदि पोर्टल में अपलोड सूचना में किसी तरह की विसंगति नजर आती है तो उसे संज्ञान में लाया जाए अथवा कोई प्रमाणिक शिकायत सामने आए तो संबंधित विद्यालय और पुस्तक विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

**गिरीश अग्निहोत्री,**
जिला शिक्षा अधिकारी, सतना

# जनगणना कार्य में लापरवाही, अब तक महज 18 फीसदी हाउस लिस्टिंग ब्लॉक

## मुख्य नगर जनगणना अधिकारी ने कसा शिकंजा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 मई. नगर पालिक निगम सतना में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।**




नगर जनगणना अधिकारी द्वारा ऐसे सभी चार्ज अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनके क्षेत्रों में अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ अथवा अत्यंत धीमी गति से संचालित पाया गया। डॉ.शेर सिंह मीना, मुख्य नगर जनगणना अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिक निगम सतना की समीक्षा में सामने आया कि कुल 433 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में से केवल 78 पर ही कार्य प्रारंभ हो सका है, जबकि शेष स्थानों पर अब तक कार्य शुरू तक नहीं किया गया। मुख्य नगर जनगणना अधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही, कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की खुली अवहेलना माना।

गौरतलब है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक निर्धारित है। समयसीमा के बावजूद कार्य की बेहद खराब प्रगति पर मुख्य नगर जनगणना अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई है। मुख्य नगर जनगणना अधिकारी के निर्देश पर नगर जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त नगर पालिक निगम सत्यम मिश्रा द्वारा जारी नोटिस में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूछा गया है कि निर्धारित समयावधि के बावजूद कार्य प्रारंभ क्यों नहीं किया गया तथा लक्ष्य पूर्ण करने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु आगामी 7 दिवस की कार्ययोजना बताएं।

### 109 अधिकारियों-कर्मचारियों को नोटिस

नगर जनगणना अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने अथवा तत्काल कार्य में सुधार नहीं दिखने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जनगणना कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है उनमें 5 चार्ज अधिकारी, 32 पर्यवेक्षक और 72 प्रगणक सम्मिलित हैं।

# बगदरा घाटी में बस पलटी, डेढ़ दर्जन बाराती घायल

## तीन की हालत गंभीर, अस्पताल में उपचार जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 6 मई. जिले के चित्रकूट क्षेत्र की बगदरा घाटी में बुधवार की शाम हुए सड़क हादसे में डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए. जिसमें से 3 की हालत गंभीर बनी हुई है. बारातियों से भरी बस उप्र के रैपुरा से रीवा की ओर लौट रही थी. घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है. पुलिस द्वारा घटना के कारण की जांच की जा रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार उप्र के चित्रकूट जिले के रैपुरा कुई करौंदी गांव के रैदास परिवार के यहां वैवाहिक आयोजन था. जिसके चलते परिवार सहित रिश्तेदार व गांव के कई लोग बारात लेकर रीवा जिले में गए थे. इसी कड़ी में बुधवार को बारात रीवा से चित्रकूट की ओर लौट रही थी. बताया गया कि बुधवार की शाम लगभग 5 बजे बरातियों से भरी बस क्र. एमपी 17 पी 0515 जैसे ही बगदरा घाटी की ढलान की ओर बढ़ी वैसे ही चालक ने नियंत्रण खो दिया. देखते ही देखते बस लहराते हुए पलट गई. घटना इतनी तेजी से हुई कि यात्रियों को संभलने का मौका ही नहीं मिला. बस पलटते ही उसमें सवार यात्रियों के बीच चीख पुकार शुरु हो गई. इसी दौरान वहां से होकर गुजर रहे कुछ वाहन सवार लोगों की नजर पलटी हुई बस पर पड़ी. लिहाजा फौरन ही घटना की सूचना डायल 112 को दी गई. घटनी की गंभीरता को देखते हुए चित्रकूट और मझगवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस द्वारा फौरन ही घायलों को उपचार के लिए जानकीकुण्ड स्थित सद्गुरु चिकित्सालय भेजा गया. जहां पर उन्हें भर्ती कर उपचार शुरु हुआ. चिकित्सकों से मिली जानकारी के अनुसार घायलों में से 3 अधिक चोटिल हैं. जिसे देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है. बताया गया कि घायलों में से एक को गैस्पिंग स्थिति में चिकित्सालय लाया गया. वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ करते हुए घटना के कारण जानने का प्रयास किया जा रहा है. प्रथत दृष्ट्या बस की कमानी टूट जाने के कारण दुर्घटना होना सामने आ रहा है.

### ये पहुंचे अस्पताल

बस पलटने के कारण जिन घायलों को उपचार के लिए जानकीकुण्ड चिकित्सालय लाया गया उनमें कुई करौंदी रैपुरा निवासी मैकू लाल 40, शिवपूजन रैदास 21, पूजा देवी 17, ननकू रैदास 45, दिनेश कुमार 25, पूनम देवी 16, रजुआ रैदास 40, रामविशाल 80, पूनम 15, इंद्रजीत रैदास 16 और रजनीश सम्मिलित हैं. वहीं रमटेकवा निवासी शिवलखन विश्वकर्मा 45, इटवा निवासी छेदीलाल 62, भैरमपुर निवासी धर्मराज रैदास 30 और रामनगर निवासी अमरजीत रैदास 16 वर्ष को भी उपचार के लिए चिकित्सालय लाया गया.

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 मई. शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करते आ रहे युवक ने जन धोखा दे दिया तो पीड़िता ने थाने में शिकायत कर दी। वहीं मामले की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया। पुलिस द्वारा तलाश करते हुए आरोपी को दबोच लिया गया।**



थाना प्रभारी निरी. अशोक पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवंबर महीने में पीडिता की गुमने की रिपोर्ट को जांच में लिया गया था। दअस्थान होने पर कथन में बताया कि वह अपनी बडी बहन जिसकी शादी इन्दौर में हुई है बहन के यहां आना जाना रहता था। इन्दौर में दीदी के यहां अमर त्रिपाठी निवासी मझियार का किराये से रहता था जिससे मेरी जान पहचान हो गई। फिर एक दूसरे का नंबर लेकर बात होने लगी । अक्टूबर में अमर त्रिपाठी गाव मौहारी आया था। बुलाने पर वह उससे जाकर मिली। तब भला फुसला कर उसने दुष्कर्म को अंजाम दिया। चूंकि वह अमर से प्यार करती थी इसलिये घर में बात नहीं बताई। जिसके बाद शादी का झांसा देकर अमर उसे पहले मैहर फिर मैहर से ट्रेन मे बैठ कर पूना ले गया। पूना में 1 दिन रहे उसके बाद बाम्बे चले गये जहां पर 05 से 12 नवंबर तक बाम्बे मे रहे। जहां पर अमर शादी का झांसा दे कर दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की लेकिन वह घटना के बाद से फरार हो गया। जिसकी लगातार तलाश करते हुए बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# शहर के 5 प्रमुख चौराहों और 10 आंगनबाडी केन्द्रों की साज-सज्जा का कार्य प्रारंभ करें

## सीएसआर से होगा अस्पताल के 5 वार्डों का कायाकल्प, कलेक्टर मैहर ने ली सीएसआर पार्टनर्स की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 6 मई । मैहर शहर में सौदर्यीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और बाल हितों को केन्द्र में रखते हुए कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने कार्पोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी मद से मैहर के 5 प्रमुख चौराहों, 10 आंगनवाडी केन्द्र की साज-सज्जा, चाइल्ड फ्रेंडली प्री स्कूल और जिला अस्पताल के 5 वार्डो के कायाकल्प के लिए नवाचार प्रारंभ किया है।**

सी.एस.आर. पार्टनर और संबंधित विभाग प्रमुखों के साथ संयुक्त बैठक में कलेक्टर ने कार्य योजना के अनुसार शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। गत सप्ताह सी.एस.आर. मद की सम्पन्न जिला स्तरीय बैठक के निर्णयानुसार प्रथम चरण में 5 प्रमुख औद्योगिक संस्थानों द्वारा नगरीय क्षेत्र की 10 आंगनवाडी, 5 चौराहे और अस्पताल के 5 विभिन्न यूनिट वार्ड का कायाकल्प किया जायेगा। इनमें प्रत्येक औद्योगिक संस्थान को 2-2 आंगनवाडी, एक चौराहे और अस्पताल का एक वार्ड विकसित और सौदर्यीकरण के लिए सौपा गया है। इनमें प्रमुख 5 चौराहों में जीरो पाइंट चौराहा, घंटाघर चौराहा, अलाउद्दीन तिराहा, एसबीआई चौराहा और रेल्वे स्टेशन तिराहा सौदर्यीकरण मरम्मतीकरण के काम शामिल है। कार्यो के मानीटरिंग और सुपरवीजन के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम मैहर, तहसीलदार, आरटीओ, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी, सीएमओ नगर पालिका की समिति बनाई गई है। जिला चिकित्सालय मैहर केक विभिन्न यूनिट और वार्डो के कायाकल्प के कार्य की देख-रेख के लिए एसडीएम मैहर, सिविल सर्जन मैहर, लोक निर्माण के कार्यपालन यंत्री की समिति रहेगी। जिला अस्पताल में पोषण पुनर्वास केन्द्र, प्रसव पूर्व वार्ड, प्रसव पश्चात वार्ड, जनरल वार्ड, विकलांगता वार्ड कक्ष के नवीनीकरण और साज-सज्जा के कार्य किये जायेंगे। नगर पालिका मैहर के 10 आंगनवाडी केन्द्रों को चाइल्ड फ्रेडली प्री स्कूल और आकर्षक साज-सज्जा के लिए मानीटरिंग समिति में एसडीएम मैहर, जिला कार्यक्रम अधिकारी मैहर तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण को शामिल किया गया है।

### गुरुवार से शुरू हो काम

कलेक्टर मैहर ने कहा कि तकनीकी समिति द्वारा प्राप्त प्राक्कलन के अनुसार स्वीकृति प्राप्त कर गुरूवार से कार्य प्रारंभ किये जाये। उन्होंने कहा कि कार्य प्रारंभ से लेकर पूर्ण होने तक डाक्यूमेंटेशन भी कराये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम एसपी मिश्रा, दिव्या पटेल, डॉ. आरती सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, डीपीओ राजेन्द्र बांगरे, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री, सीईओ जनपद सहित औद्योगिक प्रतिष्ठान, अल्ट्राटेक सीमेंट मैहर, अल्ट्राटेक सीमेंट बधवार, आरसी सीपीएल भरौली-मैहर, केजेएस सीमेंट और एसएनएस मिनरल्स मैहर के सीएसआर प्रबंधक भी उपस्थित थे।




# एकेएस में भारतीय ज्ञान परंपरा पर दो दिवसीय कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 मई. म.प्र उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक पाठ्यक्रम से जोड़ने के उद्देश्य से एकेएस विश्वविद्यालय, सतना में सोमवार को दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इंटीग्रेटिंग इंडियन नॉलेज सिस्टम इंटू हाइयर एजुकेशन करिकुलम विषय पर आधारित रहा।**

कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इसका मुख्य लक्ष्य शिक्षकों को भारतीय ज्ञान प्रणाली की मूल अवधारणाओं से अवगत कराना और उन्हें समकालीन शिक्षा व्यवस्था में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तैयार करना था। विश्वविद्यालय ने इस पहल के जरिए पाठ्यक्रम को अधिक प्रासंगिक बनाने के साथ-साथ छात्रों में सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने पर बल दिया। एफडीपी की समन्वयक डॉ. प्रियंका बागरी, सहायक प्राध्यापक मानविकी विभाग ने बताया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल परंपरा नहीं बल्कि एक समृद्ध बौद्धिक विरासत है, जिसे आज की शिक्षा में शामिल करना आवश्यक है। मुख्य वक्ता प्रो. मंदार भानुसे, हेड फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन, मुंबई विश्वविद्यालय ने भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय चिंतन आधुनिक शोध और शिक्षा के साथ प्रभावी समन्वय बना सकता है।

# गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में आम आदमी पार्टी का धरना

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 मई. कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में हाल ही में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को धरना-प्रदर्शन किया.**



यह प्रदर्शन शाम 4 बजे से 6 बजे तक सेमरिया चौक ओवरब्रिज के नीचे आयोजित किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कीमतों में कमी की मांग की . इस प्रदर्शन में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में करीब ?993 की बढ़ोतरी से होटल संचालकों, छोटे व्यापारियों और आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है.उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। धरने के दौरान कार्यकर्ता सेमरिया चौक ओवरब्रिज के नीचे बैठकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताते रहे. प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा. गौरतलब है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। अमृतसर सहित पंजाब के विभिन्न शहरों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर कीमतों में कमी की मांग की है. इसके अलावा चेन्नई और बैंगलोर जैसे महानगरों में भी अलग-अलग संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया है.

## मैहर में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक आज

**मैहर 6 मई.** जिला खनिज न्यास प्रतिष्ठान ''न्यास मंडल'' की बैठक कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में 7 मई को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में आयोजित की गई है।

# शहर कांग्रेस के मंडलम अध्यक्षों की घोषणा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 मई. जिला कांग्रेस शहर की कार्यकारिणी के बाद जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष आरिफ इक़बाल सिद्दिकी द्वारा शहर के तीन ब्लाक में 17 मंडलम अध्यक्षों की प्रदेश संगठन महासचिव संजय कमले के अनुमोदन के पश्चात नियुक्ति कर दी गई है।**

धवारी ब्लॉक- सकत्तर कुशवाहा (बगहा,सिविल लाइन) राहुल सिंह (अमोघा कला) असलम कुरैशी(राजेंद्र नगर) के पी पाल (महादेवा जवाहर नगर) अजय सिंह राठौड़ (प्रेम नगर धवारी) शरद सिंह पम्मू (मुख्तियार गंज) नई बस्ती ब्लॉक -श्रवण कुमार कुशवाहा (भरहुत नगर) विष्णु सिंह (घूरडा?) नत्थू वाल्मीक (बांधव गढ़) जितेन्द्र अवतानी (सिंधी कैंप) सुखेन्द्र वर्मा (कृपाल पुर) शहर ब्लॉक -शंकर गाजरानी (पुष्पराज कॉलोनी)अंकुर सेठ (पानीलाल चौंक) रशीद (नजीराबाद)रविकांत कुशवाहा (बांसनाकां) रामचन्द्र गुप्ता (टिकुरिया टोला)राहुल सिंह तिवारी (कृष्ण नगर) बनाया गया है.

# लीनेस क्लब विन्ध्य की उद्यमिता की पाठशाला का हुआ विमोचन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 मई. लीनेस क्लब विंध्य द्वारा युवाओं के सम्पूर्ण मार्गदर्शन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एस के श्रीवास्तव व्दारा लिखित बेहद उपयोगी पुस्तक उद्यमिता की पाठशाला - द कंप्लीट बिजनेस गाइड का विमोचन इंस्टालेशन ऑफिसर लीनेस अंजू कटारे महापौर योगेश ताम्रकार जी द्वारा किया गया।**




मंच पर एरियाऑफिसर डॉ मनीषा सोई सेडमैप के प्रशिक्षक श्री वी. पी. सिंह, , लेखक एस.के. श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक डॉ राजनिधि सिंह, लीनेस क्लब की अध्यक्षा सुषमा गुप्ता सचिव काजल श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज युवाओं को इसकी बेहद ?जरूरत है और मैं इस पुस्तक के लेखक के 25 वर्षों के अनुभव को इतना सारगर्भित प्रस्तुत करने के लिये लाख लाख शुभकामनाएं देता हूं.

## एक नजर में



### आईएमए ने बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया आयोजन

सतना। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) सतना शाखा द्वारा दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम, सतना में भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 52 डॉक्टर्स एवं परिवार जनों के कुल 12 ग्रुपों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 34 मैच खेले गए। इस आयोजन के मुख्य अतिथि रोटेरियन अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पी डब्लू डी आफिसर श्री चंद्रकांत कुम्हारे की विशेष उपस्थिति रही।

### 46 रक्तवीरों ने किया रक्तदान, 7086 यूनिट का कीर्तिमान



**सतना।** रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए रक्त प्रेरक एवं सिंधु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने कहा कि रक्त की हर बूंद जीवन की आशा होती है। रक्तदान केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए जीवनदान है। समिति द्वारा वर्षों से निरंतर रक्त सेवा का कार्य किया जा रहा है। अब तक समिति के रक्तदाताओं ने 7086 यूनिट रक्तदान का उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है। अप्रैल माह में जायंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी के सहयोग से 46 यूनिट रक्तदान किया गया।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का स्वागत




**सतना.** विंध्य चेंबर ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, सतना की वर्षों पुरानी मांग पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ''व्यापारी कल्याण बोर्ड'' का गठन किए जाने पर चेंबर ने हर्ष व्यक्त किया है। चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए समस्त विंध्य क्षेत्र के व्यापारियों की ओर से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उपार्जित गेंहू का दो दिनों में 90 प्रतिशत परिवहन कराएं : जामोद

**सतना.** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन पर विशेष ध्यान दें।उपार्जित गेंहू का दो दिनों में 90 प्रतिशत उठाव कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। स्वीकृति पत्रक तत्काल जारी कराकर किसानों को तीन दिवस में भुगतान कराएं। गेंहू के परिवहन में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। पेयजल व्यवस्था की नियमित मानीटरिंग करें।